NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-193, पृष्ठ : 12 | रविवार, 18 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# कोहरे का कहर

## बरेली में हाईवे पर रोडवेज बस समेत 20 वाहन टकराए, 24 लोग घायल



**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह घने कोहरे के कारण हाईवे पर कोहराम मच गया। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण रोडवेज बस और कार समेत 20 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में करीब 24 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका। फरीदपुर क्षेत्र में सुबह के वक्त हाईवे पर घना कोहरा छाया, जिससे दृश्यता शून्य हो गई। जानकारी के मुताबिक सुबह आठ बजे शुगर मिल के समीप हाईवे की दोनों लेन पर एक के बाद एक 20 वाहन टकरा गए। वाहनों की टक्कर होते ही हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे में तीन रोडवेज बसें, ट्रक, डीसीएम और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। एक डीसीएम अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पेड़ों में जा घुसी। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया।

## पांच वाहन टकराए, डंपर-कंटेनर में आग लगी, दो लोगों की जलकर मौत

**नूंह।** हरियाणा के मोहम्मदपुर अहिर थाना क्षेत्र तावडू उपमंडल के अंतर्गत कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गांव सबरस और गुढी के बीच एक वाहन के अचानक ब्रेक मारने से पीछे से आ रहे कई वाहन आपस में टकरा गए। इस चेन रिएक्शन में कुल पांच गाड़ियां शामिल हुईं, जिसमें रोड़ी से लदा एक लंबा डंपर और एक कंटेनर बुरी तरह प्रभावित हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर और कंटेनर में आग लग गई, जो कुछ ही पलों में दोनों वाहनों को आग का गोला बना गई। आग की लपटों में फंसे दो लोगों चालक और खलासी की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, क्योंकि वे पूरी तरह जल चुके थे।

## सोलापुर-पुणे नेशनल हाईवे पर दर्दनाक हादसा, कार सवार 5 लोगों की मौत

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सोलापुर से पुणे जाने वाले नेशनल हाइवे पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक घायल महिला को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है, जबकि अन्य मृतकों की पहचान की जा रही है।



## मौनी अमावस्या : स्नान को उमड़ी भीड़

प्रयागराज में आज मौनी अमावस्या का स्नान पर्व मनाया जा रहा है। सुबह से ही घाटों पर जबर्दस्त भीड़ है। मेला प्रशासन ने मौनी अमावस्या से एक दिन पहले शनिवार शाम तक करीब 1.50 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का दावा किया है। वहीं, रविवार को 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी आपातकालीन योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया है और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।



# भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंदः पीएम मोदी

**दिसपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को काजीरंगा नेशनल पार्क में 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। जनसभा को भी संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आज फिर काजीरंगा आने का सौभाग्य मिला है। ऐसे में मुझे अपनी पिछली यात्रा याद आना बहुत स्वाभाविक है। दो वर्ष पहले काजीरंगा में बिताए गए पल मेरे जीवन के बहुत खास अनुभवों में शामिल हैं। मुझे काजीरंगा नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम का अवसर मिला था और अगले दिन एलिफेंट सफारी के दौरान मैंने इस क्षेत्र की सुंदरता को बहुत करीब से महसूस किया था। मुझे हमेशा असम आकर एक अलग ही खुशी मिलती है। उन्होंने कहा 'मैं पूरे देश के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को बधाई देता हूं। कल से मैं देख रहा हूं कि बोड़ो परंपरा का यह शानदार नृत्य सोशल मीडिया पर कितना लोकप्रिय हो गया है।'



## दिल्ली में पकड़ा गया लॉरेंस बिश्नोई गैंग का वांटेड शूटर

### 4 करोड़ की रंगदारी के लिए की थी फायरिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजस्थान पुलिस के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक वांटेड शूटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 23 वर्षीय प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से आगरा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के उत्तम नगर में छिपकर रह रहा था।

दिल्ली क्राइम ब्रांच की एंटी-गैंगस्टर स्क्वाड को दिल्ली और आस-पास के राज्यों में सक्रिय गैंगस्टरों पर नजर रखने का काम सौंपा गया था। 16 जनवरी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान पुलिस के साथ समन्वय कर दिल्ली के उत्तम नगर में छापा मारा और प्रदीप उर्फ गोलू को दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को आगे की जांच के लिए राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया गया है। प्रदीप उर्फ गोलू लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक सक्रिय सदस्य है।मार्च 2025 में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राजस्थान के जवाहर नगर (गंगानगर) के एक व्यापारी से 4 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। इनकार करने पर गैंग ने प्रदीप गोलू को फायरिंग का काम सौंपा।



# 'बिना लड़े नहीं छोड़ेंगे': ट्रंप की धमकी पर भड़के मैक्रों

नुक। ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे की धमकी यूरोप और अमेरिका की एकता पर सवालिया निशान लगा रही है। अमेरिकी धमकी के जवाब में यूरोपीय नेताओं ने भी मोर्चा खोल दिया है। ट्रंप ने जहां ग्रीनलैंड के मुद्दे पर समर्थन नहीं देने पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है, वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति ने भी तीखे तेवर दिखाते हुए साफ कर दिया कि यूरोप की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं होगा।




डेनमार्क के स्वशासित द्वीप ग्रीनलैंड पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कब्जे की धमकी के खिलाफ अब ग्रीनलैंड के लोग एकजुट हो गए हैं। शनिवार को हजारों की संख्या में ग्रीनलैंड के लोग सड़कों पर उतरे और अमेरिकी धमकी के खिलाफ मार्च निकाला। राजधानी नुक में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज लहराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए कि ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने धमकी भरे लहजे में कहा कि वे बिना लड़े ग्रीनलैंड नहीं छोड़ेंगे।

प्रदर्शनकारियों ने सिटी सेंटर से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक मार्च निकाला। इस मार्च की अहमियत को इस बात से समझा जा सकता है कि इस मार्च में पूरी राजधानी की करीब एक तिहाई जनता शामिल हुई। साथ ही डेनमार्क के कोपेनहेगन और अन्य शहरों में भी ऐसे ही विरोध प्रदर्शन हुए।

**ट्रंप की धमकी- कोई समझौता नहीं किया जाएगा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी तेज कर दी है और अब उन्होंने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही है, जो अमेरिका के ग्रीनलैंड पर कब्जे का समर्थन नहीं करेगा।

ट्रंप ने कहा कि अगर कोई देश अमेरिका की ग्रीनलैंड को नियंत्रित करने की योजना का समर्थन नहीं करता, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सकता है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत है और इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ट्रंप के इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल तेज हो गई है।

**फ्रांस के सख्त तेवर- यूरोप की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं होगा**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को लेकर दी गई टैरिफ धमकियों पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। मैक्रों ने साफ शब्दों में कहा कि यूक्रेन, ग्रीनलैंड या दुनिया के किसी भी हिस्से में किसी भी प्रकार की धमकी या दबाव फ्रांस को अपने सिद्धांतों से पीछे हटने पर मजबूर नहीं कर सकता। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि यूरोप की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं होगा और यदि टैरिफ लगाए जाते हैं तो यूरोपीय देश एकजुट और समन्वित जवाब देंगे।

**ब्रिटेन ने भी ट्रंप के रुख से जताई आपत्ति**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की ओर से यूरोपीय देशों पर नए टैरिफ लगाने की धमकी को पूरी तरह गलत बताया है। स्टारमर ने कहा कि नाटो सहयोगियों की सामूहिक सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर अपने ही सहयोगी देशों पर टैरिफ लगाना उचित नहीं है। उन्होंने साफ किया कि ब्रिटेन इस मुद्दे को सीधे अमेरिकी प्रशासन के साथ उठाएगा। साथ ही, स्टारमर ने दोहराया कि ब्रिटेन के अनुसार ग्रीनलैंड का भविष्य तय करने का अधिकार केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड के लोगों का है।

**यूरोपीय आयोग की चेतावनी**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने चेतावनी दी कि इस तरह के टैरिफ ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को कमजोर कर सकते हैं और एक खतरनाक आर्थिक गिरावट को जन्म दे सकते हैं। उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के लोगों के साथ एकजुटता जताते हुए कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता अंतरराष्ट्रीय कानून के मूल स्तंभ हैं। ईयू ने इस मुद्दे पर रविवार को आपात बैठक बुलाने का भी एलान किया है, जिसमें अमेरिका के प्रस्तावित टैरिफ पर सामूहिक रणनीति पर चर्चा होगी।

## मणिकर्णिका घाट पर मंदिर तोड़े जाने को लेकर बयानबाजी तेज

**लखनऊ।** पिछले एक-दो दिनों से सोशल मीडिया पर काशी के मंदिर व मणिकर्णिका घाट को तोड़ने के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन्हीं आरोपों का जवाब देने के लिए सीएम खुद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने इन वीडियो की सत्यता को सिरे से खारिज करते हुए कहा, यहां पर पिछले 11 वर्षों में हुए समग्र विकास की परियोजना को बाधित करने के लिए जो साजिशें रची जा रही हैं और जिस प्रकार का दुष्प्रचार किया जा रहा है, इसके बारे में सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसीलिए मुझे आज यहां पर आना पड़ा।

उन्होंने कहा कि काशी के प्रति हर सनातन धर्मावलम्बी व हर भारतवासी अपार श्रद्धा का भाव रखता है, लेकिन स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था, काशी का जो विकास होना चाहिए था, वो नहीं हुआ। पिछले 11 वर्षों में काशी एक बार फिर अपनी आध्यात्मिक व सांकृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उनका संवर्धन कर रही है और भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को भी प्राप्त कर रही है।

सीएम ने सीधे-सीधे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब काशी विश्वनाथ धाम बन रहा था, तब भी कांग्रेस ने सफेद झूठ फैलाया कि मंदिर तोड़े गए, जो कि सरासर गलत है। उन मंदिरों का पुनरुद्धार हुआ है, वे आज भी वैसे ही हैं। फर्क इतना है कि पहले जीर्णशीण हालत में थे, अब उनका पुनरुद्धार हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौ वर्ष पहले माता अन्नपूर्णा की मूर्ति यहां से चोरी कर यूरोप पहुंचा दी गई थी। प्रधानमंत्री के प्रयास से वह मूर्ति वापस आई और काशी विश्वनाथ में उसकी स्थापना की गई। सीएम योगी ने कांग्रेस से सवाल किया कि 1947 से लेकर 2014 तक ज्यादातर समय केंद्र में कांग्रेस की सरकारें रहीं, आखिर उन्होंने यह प्रयास क्यों नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकारों में भारत की विरासत के प्रति सम्मान का भाव ही नहीं था। तुष्टीकरण की राह पर चलकर भारत की आस्था का अपमान करने वाली कांग्रेस कभी भी भारत की विरासत का सम्मान नहीं कर सकती। बसपा अध्यक्ष मायावती ने वाराणसी में अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति हटाने के मामले में राज्य सरकार से स्थिति को स्पष्ट करने की मांग की।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में जितने पौराणिक मंदिर तोड़े गए हैं, उतना धरती पर किसी राजा ने नहीं तोड़े हैं। उन्होंने कहा, मैं सैफई (इटावा) में एक मंदिर बनवा रहा हूं, भाजपा के लोग उसमें भी अड़ंगा लगा रहे हैं। अखिलेश ने शनिवार को भुवनेश्वर में विजन इंडिया कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने मणिकार्णिका के बहाने यह बात कही।

## सासाराम के जज की पत्नी को बदमाशों ने मारी गोली

गोड्डा। झारखंड के गोड्डा जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां शाम को अज्ञात बदमाशों ने बिहार के सासाराम में तैनात एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की 25 वर्षीय पत्नी को गोली मार दी। घटना उस समय हुई जब वंदना कुमारी कोर्ट की कार्यवाही पूरी कर अपने पैतृक गांव लौट रही थीं।

पुलिस के अनुसार, वंदना कुमारी का अपने पति (जो सासाराम में न्यायिक मजिस्ट्रेट हैं) के साथ लंबे समय से तलाक का मामला चल रहा है। इसी सिलसिले में वह शनिवार को गोड्डा अदालत में हाजिरी लगाने आई थीं। अदालती कार्यवाही के बाद शाम के समय जब वह अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से अपने पैतृक स्थान परसा जा रही थीं। पथरगामा थाना क्षेत्र के एक सुनसान रास्ते पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। पथरगामा के थाना प्रभारी शिव दयाल ने बताया कि हमलावर काफी देर से उनका पीछा कर रहे थे। एक सुनसान जगह देख बदमाशों ने उन्हें रोका और ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलाईं। दो गोलियां पीड़िता को छूकर निकल गईं। एक गोली वंदना की पीठ में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता को पहले पथरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

## मनोज तिवारी के घर में हुई लाखों की चोरी, पुराना कर्मचारी ही निकला चोर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और मशहूर गायक मनोज तिवारी के मुंबई स्थित घर में चोरी का मामला सामने आया है। अंधेरी पश्चिम के शास्त्रीनगर इलाके में स्थित सुंदरबन अपार्टमेंट में हुई इस चोरी में करीब 5.40 लाख रुपये की नकदी गायब होने की बात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में उनके एक पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मनोज तिवारी के मैनेजर प्रमोद जोगेंद्र पांडे ने अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सुरेंद्र कुमार दीनानाथ शर्मा को गिरफ्तार किया, जिसे दो साल पहले नौकरी से निकाल दिया गया था।

पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान आरोपी की पहचान हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी ने चोरी के लिए डुप्लीकेट चाबियों का इस्तेमाल किया था। अंबोली पुलिस ने बताया कि प्रमोद पांडे पिछले 20 वर्षों से मनोज तिवारी के मैनेजर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि घर के एक कमरे में रखी कुल 5.40 लाख रुपये की नकदी चोरी हुई। इसमें से 4.40 लाख रुपये जून 2025 में अलमारी से गायब हो गए थे, हालांकि उस समय चोर का पता नहीं चल सका था। चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए दिसंबर 2025 में घर के भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। 15 जनवरी 2026 की रात करीब 9 बजे रिकॉर्ड हुए फुटेज में पूर्व कर्मचारी सुरेंद्र कुमार शर्मा चोरी करते हुए नजर आया। फुटेज में यह भी दिखा कि उसके पास घर, बेडरूम और अलमारी की डुप्लीकेट चाबियां थीं।

## यूपी में खूंखार सियार का आतंक! 2 दर्जन लोगों को पैने दांतों से काटा

**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र के जुगैल थाना क्षेत्र से डराने वाली घटना सामने आई है। जुगैल ग्राम पंचायत में जंगली सियार ने दहशत मचा रखी है। बीते 2 दिनों के भीतर सियार के हमलों से पूरा गांव सहमा हुआ है। अब तक 2 दर्जन से ज्यादा ग्रामीण इसकी चपेट में आ चुके हैं, जिनमें छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। इतना ही नहीं, सियार ने मवेशियों पर भी हमला किया है। हालात तब और गंभीर हो गए जब घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया,



लेकिन वहां जरूरी एंटी रेबीज सीरम ही उपलब्ध नहीं मिला।

बता दें कि वन विभाग को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर कब तक ग्रामीण डर और असुरक्षा के बीच जीने को मजबूर रहेंगे। सोनभद्र के जुगैल ग्राम पंचायत में जंगली सियार लगातार आतंक का पर्याय बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में करीब 25 ग्रामीण सियार के हमले में घायल हो चुके हैं।

सियार के हमलों के बाद हुए घायलों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। घर के बाहर बंधी गाय और भैंस भी इसके हमले से नहीं बच सके। घटना के बाद घायल ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के रूप में टीटी और रेबीज का इंजेक्शन दिया गया। लेकिन एंटी रेबीज सीरम की अनुपलब्धता के चलते सभी घायलों को जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालांकि, वहां भी जरूरी सीरम न मिलने से पीड़ितों और उनके परिजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। वहीं, विभाग की तरफ से दावा किया गया है कि सियार को जल्द पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर उसे मार गिराया जाएगा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
( प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
रविवार, 18 जनवरी, 2026


# दर्दनाक...मां को गले लगाने दौड़े मासूम पर मौत का झपट्टा

एनएनआई

**मथुरा।** नौहझील में सड़क के दूसरी ओर खड़ी अपनी मां को गले लगाने के लिए दौड़े मासूम पर मौत ने झपट्टा मार दिया। कस्बे में सड़क पार कर रहे पांच साल के बच्चे को रौंद डाला। पलभर में मासूम का खिलखिलाता चेहरा खून से लथपथ होकर हमेशा के लिए शांत हो गया। हादसे में मासूम की मौत के बाद इलाके में मातम छा गया।



घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। पिथौरा निवासी नीरज का छोटा बेटा शिवा (5) परिजन के साथ ई-रिक्शा में बैठकर राशन लेकर गांव लौटा था। जैसे ही ई-रिक्शा गांव के पास रुका तो शिवा की नजर सड़क के दूसरी ओर खड़ी अपनी मां पर पड़ी। मां को देख शिवा का चेहरा खिल उठा और वह मां की गोद में पहुंचने के लिए बिना देखे दौड़ पड़ा। इसी दौरान नौहझील से मांट की ओर जा रही एक तेज रफ्तार मिनी लोडर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। कुछ देर पहले जो बच्चा मुस्कुरा रहा था, वह अब लहूलुहान होकर सड़क पर पड़ा था। हादसा इतना वीभत्स था कि शिवा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आंखों के सामने कलेजे के टुकड़े को दम तोड़ता देख मां दहाड़े मारकर रोने लगी। मेहनत मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाला नीरज भी मासूम बेटे का शव देख सुध-बुध खो बैठा। उधर, ग्रामीणों ने भागने की कोशिश कर रहे गाड़ी चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। सूचना पर थाना प्रभारी सोनू सिंह, एसआई रणजीत नागर समेत फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नीरज के दो बेटों में शिवा छोटा था। उसकी नटखट हरकतों के कारण वह सबसा लाडला था। परिजन ने बताया कि जब शाम को नीरज जब मजदूरी करके घर लौटता था तो शिवा दौड़कर उसके गले लगता था। उधर सात साल का गगन भी अपने छोटे भाई को खोने के बाद गुमसुम बैठा है। नीरज के परिवार समेत पूरे गांव में मातम छा गया है।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कोहरे की वजह से भीषण हादसा

# डबल डेकर बस ट्रेलर में घुसी, 12 यात्री घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** गाजीपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस रविवार सुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आगे चल रही ट्रेलर में पीछे से घुस गई हादसे में 12 सवारियां घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा की टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गाजीपुर से 46 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस जिला फिरोजाबाद के थाना मटसेना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 38.300पर रविवार सुबह 5:00 की करीब आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे 12 सवारियां घायल बताई जा रही हैं। सूचना पर थाना मटसेना पुलिस व यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड से हटवाया जा रहा है।



## मैनपुरी में हाइवे पर बस और ट्रेलर में टक्कर

**मैनपुरी** एनएनआई। जिले में हाईवे पर बस और ट्रक ट्रेलर में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में बैठे लगभग 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सवारी से बस आगरा से इटावा की तरफ जा रही थी। ट्रेलर भी मशीनों को लाद कर आगरा से इटावा की तरफ ही जा रहा था। चालक ने अचानक ट्रेलर मोड़ दिया, जिसकी वजह से पीछे से आ रही बस ट्रेलर में घुस गई। सीधी भिड़ंत में 15 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर मौके पर भारी तादाद में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर करहल सीओ अजय सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# वसंत पंचमी पर बांकेबिहारी भक्तों संग खेलेंगे होली, गुलाल लगाकर देंगे दर्शन

एनएनआई

**वृंदावन।**वसंत पंचमी 23 जनवरी को ठाकुर बांकेबिहारीजी भक्तों संग होली खेलकर ब्रज में चालीस दिवसीय होली की शुरूआत करेंगे। पंचमी पर वसंती पोशाक धारण कर श्रृंगार आरती के बाद सेवायत जब ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल भक्तों पर उड़ाएंगे, तो ब्रज में इसी दिन से होली की शुरूआत होगी। उसके बाद ठाकुरजी को गुलाल का फेंटा बांध गाल पर गुलाल लगाकर ही भक्तों को दर्शन देंगे।



ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत आचार्य गोपी गोस्वामी ने बताया ठाकुर बांकेबिहारीजी भक्तों संग होली खेलकर ब्रज में चालीस दिवसीय होली की शुरूआत करेंगे। पंचमी पर वसंती पोशाक धारण कर श्रृंगार आरती के बाद सेवायत जब ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल भक्तों पर उड़ाएंगे, तो ब्रज में इसी दिन से होली की शुरूआत होगी। उसके बाद ठाकुरजी को गुलाल का फेंटा बांध गाल पर गुलाल लगाकर ही भक्तों को दर्शन देंगे।

मंदिर में वसंत पंचमी की सुबह श्रृंगार आरती से पहले सेवायत ठाकुरजी के गालों पर गुलाल लगाएंगे। इसके बाद सेवायत ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल उड़ाकर भक्तों को होली के रंग में सराबोर करेंगे। ऐसे में मंदिर में प्रवेश करते ही आराध्य के प्रसादी रंग के एक-एक कण में सराबोर होने को उत्साहित श्रद्धालु देश दुनिया से वृंदावन में डेरा डालेंगे। वसंत पंचमी पर शाहजी मंदिर स्थित वसंती कमरे के रंगबिरंगे झाड़-फनूस, कलात्मक दर्पण से निकलती प्रकाश की अद्भुत किरणें और कमरे के बीच फव्वारों के सामने रत्नजड़ित सिंहासन पर विराजमान ठाकुर राधारमणलालजू की झलक को अपलक निहारते भक्त कमरे की आभा में डूबे नजर आएंगे। कमरे में रंगबिरंगी झाड़ फनूस से झांकती रोशनी भक्तों को आल्हादित करेगी। मंदिर में स्थित संगमरमर के टेढ़े खंभे और मुंडेर पर रोमन व इटेलियन शैली का झलक जब भक्तों को आल्हादित करेगी। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में वसंत पंचमी पर देशभर के श्रद्धालु वृंदावन में डेरा डालकर आराध्य के आंगन में होली का आनंद लेंगे। ऐसे में मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति ने मंदिर आने वाले मार्गों पर बैरीकेडिंग करके श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन की व्यवस्था की गई है। वसंत पंचमी तक मंदिर के अंदर भी रेलिंग से श्रद्धालुओं को दर्शन करवाने की योजना अमल में लाने को समिति ने योजना बनाई है। ताकि मंदिर में अधिक देर तक श्रद्धालुओं का ठहराव भी न हो।

## 1000 कलाकार ब्रज की होली को करेंगे जीवंत

यह कान्हा का ब्रज है। कान्हा की नगरी में इस वर्ष होली का उत्सव न केवल भव्य होगा, बल्कि सांस्कृतिक संगम का एक अनूठा उदाहरण भी पेश करेगा। बरसाना और नंदगांव की लठामार होली, गोकुल की छड़ीमार होली, बलदेव के हुरंगा में श्रद्धा और भक्ति का संगम नजर आएगा। होली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 1000 कलाकार ब्रज की होली को जीवंत करेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने होली के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार 1000 से अधिक कलाकार अपनी कला के जरिए ब्रज की परंपराओं को जीवंत करेंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ विभिन्न राज्यों से लोक कलाकारों को आमंत्रित जा रहा है। सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए कलाकारों को संस्कृति विभाग में पंजीकरण कराना होगा। बरसाना की लड्डू होली 24 फरवरी की है। इसी के साथ होली के आनंद की वर्षा होनी शुरू हो जाएगी। ब्रज में होली की मस्ती निराली है। जिस दिन जहां होली होगी, वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कलाकार ब्रज की होली को जीवंत करेंगे। बड़े मंचों के लिए 10 ग्रुप बनाएं जाएंगे, जिसमें 120 कलाकार होंगे। छोटे मंचों पर करीब 500 कलाकार प्रस्तुति देंगे। 400 स्ट्रीट परफार्मर होंगे।



# ताजमहल पर चढ़ाई गई 1720 मीटर लंबी सतरंगी चादर

एनएनआई

**आगरा।** शाहजहां के 371वें उर्स में शनिवार को खुद्दाम ए रोजा कमेटी ने सर्वधर्म सद्भाव की प्रतीक सतरंगी चादर चढ़ाई। 1720 मीटर लंबी चादर दक्षिणी गेट स्थित हनुमान मंदिर से धर्मगुरुओं की मौजूदगी में ताजमहल में मुख्य मकबरे में तहखाना में स्थित शाहजहां व मुमताज की कब्रों पर पेश करने के लिए ले जाई गई इससे पहले शाहजहां के उर्स में दूसरे दिन साप्ताहिक बंदी के चलते ताजमहल शुक्रवार की सुबह बंद रहा। नमाज के लिए दोपहर 12. 30 बजे ताजमहल खोला गया और नमाजियों को प्रवेश दिया गया। दोपहर दो बजे उर्स कमेटी के सदस्य संदल (चंदन का बुरादा, गुलाबजल, केवड़ा, इत्र और दूध का मिश्रण), फूलों की चादर, तवर्रुख की डलिया लेकर मुख्य कब्रों तक पहुंचे। रॉयल गेट पर शहनाई गूंजी, मुख्य मकबरे में स्थित तहखाने को खोला गया। तहखाने में स्थित शाहजहां की कब्र पर संदल का लेप किया और फूलों की चादर चढ़ाई गई। मुख्य मकबरे पर कव्वाली गूंजी।

# सरकारी राशन का बाजरा पकड़ा, 42 बोरी कीं जब्त

- मैक्स वाहन से खुले बाजार में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था राशन

एनएनआई




**आगरा।** पृथ्वीनाथ फाटक चौराहा क्षेत्र में शनिवार को सरकारी राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। सूचना के आधार पर उपजिला मजिस्ट्रेट सदर सचिन राजपूत के निर्देश पर आपूर्ति विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक मैक्स वाहन से 42 बोरी सरकारी बाजरा बरामद किया।

उपजिला मजिस्ट्रेट सचिन राजपूत ने बताया कि शुक्रवार सायं लगभग 4 बजे उन्हें शिकायत मिली थी कि एक मैक्स गाड़ी में सरकारी राशन का बाजरा खुले बाजार में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आपूर्ति विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने पृथ्वीनाथ फाटक चौराहा पर वाहन संख्या यूपी 85 डीटी 1059 को रोककर जांच की। वाहन में मौजूद 42 बोरी बाजरा सरकारी राशन वितरण में प्रयुक्त बोरियों में पाया गया, जिनकी सिलाई भी उसी मशीन की थी, जिससे सरकारी राशन की बोरियां सीली जाती हैं। जांच के दौरान वाहन में मौजूद व्यक्ति बाजरे से संबंधित कोई वैध अभिलेख या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर जांच टीम ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराने की अग्रिम कार्रवाई करते हुए पूरे मामले की आख्या उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

# ताजमहल पर भगवा लहराने को पुलिस से झड़प



**आगरा एनएनआई।** ताजमहल में शाहजहां के उर्स पर 1720 मीटर लंबी सतरंगी चादर चढ़ाने के विरोध में शनिवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने ताज व्यू चौराहे पर प्रदर्शन किया। महासभा की जिला अध्यक्ष मीरा राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ता 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर ताजमहल की ओर रवाना हुए। पुलिस ने उन्हें ताज व्यू तिराहे पर ही रोक लिया। इस पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने कार्यकर्ताओं को ताजमहल जाने की अनुमति नहीं दी और ताज व्यू चौराहा स्थित शिव मंदिर में भगवा ध्वज चढ़वायायुवा मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर ने कहा कि उर्स कमेटी के चादर चढ़ाने के विरोध में वह भगवान शिव को 21 मीटर का भगवा ध्वज अर्पित करेंगे। प्रदर्शन में निशा ठाकुर, बबलू निषाद, शिवम वर्मा, केशव निषाद, दिनेश निषाद, शंकर सैनी, जितेंद्र योगी, सोनू, बबलू, आकाश आदि मौजूद रहे।

# मामा के दोस्त पर किशोरी को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने मामा के दोस्त पर बहला-फुसलाकर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता के अनुसार, उनके भाई की गाजियाबाद निवासी शाजिद हसन से दोस्ती थी। शाजिद पिछले करीब दस महीनों से उनके भाई के साथ रहकर मजदूरी करता था और इसी कारण उसका घर में नियमित आना-जाना था। परिवार का आरोप है कि इसी दौरान उसने किशोरी को अपने झांसे में लिया। बताया गया कि 7 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच यह भी सामने आया कि किशोरी के गायब होने के बाद से शाजिद हसन भी उनके भाई के घर से लापता है।

परिजनों का कहना है कि जब शाजिद से फोन पर संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि वह किशोरी को अपने साथ ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश व आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# बदल सकता है मौसम, बारिश के आसार

**आगरा एनएनआई।** शहर में रविवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। आने वाले दिनों में बारिश के भी आसार हैं। सुबह घना कोहरा छाने से वाहनों की गति पर ब्रेक लग गया। आगरा एयरफोर्स स्टेशन पर शून्य और ताजमहल पर 30 मीटर की दृश्यता रही। कोहरा छंटने के बाद धूप निकल आई। दिनभर धूप निकलने से ठंड से शहरवासियों को राहत मिली। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग ने रविवार को घने कोहरे के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आने का पूर्वानुमान जताया है। कोहरा, पानी की बूंदों के समान टपकता हुआ दिखा। धूप निकलने पर कोहरा छंट गया। इसके बाद दिनभर धूप निकली, जिससे ठंड से कुछ राहत मिली। शाम ढलने के बाद तापमान में गिरावट आने से गलन फिर बढ़ गई। अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

# हिस्ट्रीशीटर पर एक और एफआईआर

## जेल जाने से पहले एक और को दी थी धमकी

एनएनआई




**आगरा।** शाहगंज थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद कॉलोनी के दो युवकों को गोली मारने वाले हिस्ट्रीशीटर वीपी उर्फ विनय प्रताप ने जेल जाने से पहले इंद्रा कॉलोनी के एक और व्यक्ति को कॉल कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने थाना शाहगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी इंद्रा कालोनी गोलीकांड में नामजद होने के बाद पुराने मुकदमे की जमानत कटवाकर गुपचुप जेल गया था। पीड़ित सन्नी मेहरोत्रा ने प्राथमिकी में उसके एक साथी सनी ठाकुर को भी नामजद कराया है। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। इंद्रा कालोनी में रविवार रात रिटायर्ड दरोगा सुरेंद्र सिंह के बेटे विष्णु और भतीजे तरुण से मामूली विवाद के बाद हिस्ट्रीशीटर वीपी उर्फ विनय प्रताप ने साथियों के साथ दोनों को गोली मार दी थी। घायलों के परिजन ने प्राथमिकी में वीपी उर्फ विनय प्रताप, शारिक, अनस, प्रिंस, अमित ठाकुर, राजू और छोटू उर्फ विकास को जानलेवा हमले का आरोपी बनाया था। आरोपियों में वीपी, शारिक और अनस शाहगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। पुलिस उनकी तलाश का दावा कर रही थी। इसी दौरान विनय प्रताप पुलिस को चकमा देते हुए एत्मादपुर थाने में दर्ज पुराने मुकदमे की जमानत कटवा गुपचुप तरीके से जेल चला गया था। इंद्रा कालोनी के सन्नी उर्फ सतीश मल्होत्रा ने बताया है कि नामजद आरोपी अमित ठाकुर के घर पर दबिश देकर पुलिस ने एक स्कूटर और बाइक कब्जे में ली थी। जेल जाने से पहले वीपी ने उनकी पत्नी के नंबर पर कॉल और संदेश भेजकर धमकाया। गोलीकांड में नामजद हिस्ट्रीशीटर अनस और शारिक तक पुलिस अभी तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं, प्राथमिकी में नामजद गैंग के एक साथी के क्षेत्र के सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं के साथ कार में खुलेआम घूमने की क्षेत्र में चर्चा है। पुलिस के पास सूचना है कि दोनों हिस्ट्रीशीटर भी विनय प्रताप की तरह पुराने मामलों में जमानत कटवा कर जेल जाने की फिराक में हैं। पुलिस की टीम दीवानी पर भी नजर बनाए हुए है।

# बीएसएनएल एक्सचेंज में चोरी, संचार व्यवस्था प्रभावित

**आगरा एनएनआई।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के हनुमान नगर स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज को शुक्रवार रात चोरों ने निशाना बनाया। अज्ञात चोर एक्सचेंज परिसर से कीमती केबल काटकर ले गए, जिससे विभाग को नुकसान पहुंचा है और क्षेत्र में संचार सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है।

बीएसएनएल के एसडीओ फाउंड्रीनगर यशवीर सिंह ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर बताया कि चोर 60 मीटर पावर केबल और 80 मीटर फीडर केबल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एत्माद्दौला थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


आगरा

www.nnindianews.com
रविवार, 18 जनवरी, 20262



# सांसद नवीन जैन के नेतृत्व में एसआईआर को लेकर चला भाजपा का मतदाता जागरूक अभियान

एनएनआई



**आगरा।** एस.आई.आर. को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने आगरा महानगर के बल्केश्वर मंडल अंतर्गत लाल मस्जिद क्षेत्र में बूथ संख्या 342 एवं 343 पर घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ लाल मस्जिद क्षेत्र में विशेष शिविर लगाकर एस.आई.आर. से संबंधित प्रपत्रों एवं नए मतदाताओं के प्रपत्र भरवाए गए। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाए तथा आवश्यक संशोधन कराए। इस दौरान सांसद नवीन जैन ने कुंडी खटखटाकर नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उन्हें एस.आई.आर. के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एस.आई.आर. लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सांसद नवीन जैन ने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला होता है। प्रत्येक नागरिक का मत राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाता है, इसलिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे जागरूकता अभियानों से जुड़कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करें। मतदाता जागरूकता अभियान में मंडल उपाध्यक्ष मानव कुमार, मंडल महामंत्री चंद्रेश गर्ग, पार्षद मुरारी प्रसाद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अमित अग्रवाल ग्वाला, अमित अग्रवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुमकुम उपाध्यक्ष, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष शेलू गौतम, वंश अग्रवाल, पूजा जैन, राहुल तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहर में जाम का झाम, सपा करेगी बड़ा आंदोलनः शब्बीर अब्बास

- आम जनता का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है, एंबुलेंस जाम में फँस रही



**आगरा (एनएनआई)।** आगरा शहर में लगातार लग रहे भीषण जाम ने अब महामारी का रूप ले लिया है। आम जनता का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। एंबुलेंस जाम में फँस रही हैं, स्कूल जाने वाले बच्चे समय पर नहीं पहुँच पा रहे हैं, बुजुर्ग और मरीज परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन और जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने कहा कि ताजमहल क्षेत्र, यमुना किनारा और एम.जी. रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बैरिकेडिंग, अव्यवस्थित डायवर्जन और बार-बार होने वाले आयोजनों के कारण शहर जाम के हवाले कर दिया गया है। दो सड़कों पर पूरे शहर का बोझ डाल दिया गया है, जिसका खामियाजा आगरा की जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि जाम के कारण अब लोगों की जान तक जा रही है, यह बेहद गंभीर और शर्मनाक स्थिति है। समाजवादी पार्टी इस समस्या को लेकर जनजागरण कर रही है, ताकि प्रशासन की नींद टूटे। यदि इसके बावजूद यातायात व्यवस्था में तत्काल और स्थायी सुधार नहीं किया गया, तो समाजवादी पार्टी महानगर आगरा बड़े और आक्रामक आंदोलन के लिए बाध्य होगी। शब्बीर अब्बास ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि आगरा की जनता की सुरक्षा, सुविधा और जीवन के अधिकार के लिए होगा। अब आगरा और चुप नहीं रहेगा, जाम के खिलाफ निर्णायक संघर्ष तय है गंभीर समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी महानगर के कैंप कार्यालय पर बैठक बहुत की गई जिसमें पुष्पेंद्र शर्मा, अमित प्रताप, समीर अब्बास, विजय ठाकुर, प्रबल यादव, नासिर अब्बास, जाकिर खान, रिजवान मास्टर, मुजाहिद कुरैशी, जमिल सिद्दीकी, मुन्नू यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारत-रूस शैक्षिक सहयोग को दी नई गति

- आगरा विश्वविद्यालय और हर्जेन यूनिवर्सिटी के बीच अकादमिक साझेदारी पर अहम वार्ता

एनएनआई





**आगरा।** भारत और रूस के बीच उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्थित हर्जेन स्टेट पेडागोजिकल यूनिवर्सिटी और डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के बीच एक अहम प्रत्यक्ष अकादमिक वार्ता आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग को विस्तार देना और भविष्य की साझेदारी के नए आयाम स्थापित करना था।

हर्जेन स्टेट पेडागोजिकल यूनिवर्सिटी की ओर से रेक्टर प्रो. सर्गेई तरासोव, वाइस-रेक्टर (जनरल अफेयर्स एवं इंटरनेशनल को-ऑपरेशन) तात्याना रायबोरेत्स्काया तथा सेंटर फॉर इंटरनेशनल को-ऑपरेशन के डायरेक्टर आसेनी कोस्याक ने भाग लिया। यह वार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग द्वारा इंटरनेशनल रिलेशन्स सेल के सहयोग से आयोजित की गई। बैठक के दौरान शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

इस संवाद को भारत-रूस शैक्षिक संबंधों को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच भविष्य में समझौता ज्ञापन किए जाने की भी सहमति बनी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आशु रानी ने हर्जेन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यह वार्ता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए द्वार खोलेगी। उन्होंने छात्र गतिशीलता, शिक्षक प्रशिक्षण और संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने पर बल दिया और विश्वास जताया कि यह सहयोग भारतइरूस के मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी और मजबूत करेगा।

# सांसद रामजीलाल सुमन का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में मतदान के लिए शनिवार को दीवानी कचहरी परिसर पहुंचे समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को खास अधिवक्ताओं के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। सांसद रामजीलाल सुमन अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हैं। इसी आधार पर वे उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में मतदान करने दीवानी कचहरी पहुंचे थे। बार काउंसिल चुनाव की प्रक्रिया का यह अंतिम और दूसरा दिन था। अधिवक्ताओं ने रामजीलाल सुमन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तीव्र विरोध दर्ज कराया। यह विरोध संसद में दिए गए उनके राणा सांगा से संबंधित कथित विवादित बयान को लेकर था। उनकी गाड़ी को घेरकर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि सांसद द्वारा राणा सांगा को लेकर हाल ही में की गई टिप्पणी से समाज और अधिवक्ता समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं।अचानक हुए इस विरोध से दीवानी कचहरी परिसर में खलबली मच गई।

एसएसएफ के जवानों ने तत्काल मोर्चा संभाला। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और सांसद को सुरक्षा घेरे में लेकर बाहर निकाला गया। कुछ देर तक दीवानी परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि बाद में हालात पर काबू पा लिया गया। रामजीलाल सुमन ने इस दौरान किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी।

## बार काउंसिल चुनाव में 3,739 अधिवक्ताओं ने डाले वोट

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के पहले चरण का मतदान आगरा जनपद में संपन्न हो गया। जिले में कुल 4,900 अधिवक्ता मतदाता हैं, जिनमें से 3,739 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। पहले चरण के बाद अब चुनाव का दूसरा चरण 20 और 21 जनवरी को कराया जाएगा। पहला चरण आगरा में 16 और 17 जनवरी को दो दिनों में पूरा हुआ। पहले दिन 1,598 वोट पड़े थे, जबकि दूसरे दिन 2,102 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। दूसरे दिन वोटों की संख्या बढ़ने का मुख्य कारण मतदान बूथों की संख्या 3 से बढ़ाकर 9 किया जाना रहा, जिससे अधिवक्ताओं को आसानी से मतदान करने का अवसर मिला। फतेहाबाद तहसील में कुल 106 मतदाता हैं, जहां 100 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।चुनाव प्रचार के तहत प्रत्याशी लंबे समय से प्रदेश के 80 जिलों के जनपद न्यायालयों, जिला मुख्यालयों और समस्त तहसीलों में अधिवक्ताओं से संपर्क कर रहे हैं। प्रत्याशी अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में प्रथम वरीयता मत देने की अपील कर रहे हैं। मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। प्रशासन और पुलिस बल पूरे समय मतदान केंद्रों पर तैनात रहा। अधिकारियों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी रही।प्रदेश स्तर पर इस चुनाव में कुल 2,49,808 अधिवक्ता मतदाता हैं। चुनाव में प्रदेश भर से 333 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि आगरा जनपद से 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

# आर्थिक समझ से सशक्त होंगी बेटियां: मनीष अग्रवाल



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के गृह विज्ञान संस्थान द्वारा महिला प्रकोष्ठ एवं (सेंटर फॉर इन्वेस्टमेंट एजुकेशन एंड लर्निंग) के सहयोग से तथा म्यूचुअल फंड के तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं को वित्तीय रूप से जागरूक, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेबी के प्रशिक्षक मनीष अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आर्थिक समझ से सशक्त होंगी बेटियाँ। उन्होंने महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि वित्तीय साक्षरता न केवल सपनों को साकार करने में सहायक है, बल्कि लैंगिक अंतर को कम करने और धन का विवेकपूर्ण प्रबंधन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि भारत में केवल लगभग 21 प्रतिशत महिलाएँ ही वित्तीय रूप से साक्षर हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर महिलाएँ घरेलू खरीद निर्णयों में लगभग 80 प्रतिशत तक प्रभाव डालती हैं। इसके बावजूद मात्र 40 प्रतिशत महिलाएँ ही स्वतंत्र निवेश निर्णय ले पाती हैं। उन्होंने स्मार्ट सेविंग, स्मार्ट स्पेंडिंग और दीर्घकालिक वित्तीय योजना को अपनाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने एक पैन-इंडिया निवेशक शिक्षा पहल के बारे में भी बताया, जिसका लक्ष्य देशभर में 25,000 महिलाओं को वित्तीय सुपरवुमन के रूप में सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का निर्देशन प्रो. अचला गक्कड़, प्रो. अर्चना सिंह, सफल संचालन एवं आयोजन में डॉ. संघमित्रा गौतम, डॉ. प्रीति यादव, डॉ. कविता सिंह, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नेहा सक्सेना, डॉ. अनुपमा गुप्ता, डॉ. दीप्ति सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# टीबी उन्मूलन अभियान में सेतु का कार्य कर रहा 'निक्षय दिवस'

- निक्षय दिवस में अब तक हुई 7.5 लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग
- भ्रांतियों को हराकर जागरुकता की अलख जला रहा 'निक्षय दिवस'

एनएनआई



**आगरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि निक्षय दिवस के माध्यम से 7.5 लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। वर्ष 2025 में जनवरी से दिसंबर तक 30079 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई और उनका उपचार चलाया जा रहा है, इस दौरान वर्ष 2025 में जनवरी से दिसंबर तक 27159 टीबी मरीजों ने सफल उपचार कराकर खुद को टीबी मुक्त कर लिया है।

उन्होंने बताया कि टीबी के उपचार के लिए सरकार की ओर से जांच और उपचार का प्रावधान है। टीबी की सभी दवाएं मरीज को प्राप्त कराई जाती हैं। टीबी मरीज का उपचार दो श्रेणियां के अंतर्गत किया जाता है। पहले ड्रग सेंसिटिव टीबी, इसका उपचार 6 माह तक चलता है। दूसरा ड्रग रेजिस्टेंस टीबी, इसका उपचार 9 से 11 माह तक चलता है। इसी के तहत एक्सडीआर का इलाज 18 से 20 माह तक चलता है। उन्होंने ने बताया कि मरीज को इलाज के दौरान दवाओं के साथ-साथ पोषण और भावनात्मक सहयोग भी जरूरी है। इसलिए टीबी की दवा के साथ-साथ पोषण का भी ध्यान रखना चाहिए और परिवार व समाज के लोगों को टीबी मरीजों का भावनात्मक सहयोग करना चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने बताया कि जनपद आगरा पूरे प्रदेश में टीबी मरीजों को खोजने के मामले में अव्वल रहा है। इसमें निक्षय दिवस पर आयोजित होने वाले कैंप महत्वपूर्ण हैं।

# छात्राओं को आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता के लिए किया जागरूक

- सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर, कमला नगर, सप्त शक्ति कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता का विकास करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अंजू जैन, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, आर.बी.एस. कॉलेज रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. कविता रायजादा, राष्ट्रीय अध्यक्षा, अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निर्मूलन संघर्ष समिति एवं ब्रिक्स ह्यूमन राइट्स (महिला शाखा) ने महिलाओं की सात शक्तियों पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजना जैन, प्रशिक्षक (स्मार्ट गर्ल्स प्रोग्राम), बी.जे.एस. (एन.जी.ओ.) ने की। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रूचि जैन एवं निधि अग्रवाल ने कुशलता पूर्वक किया। आयोजन में रजनी गुप्ता, सरला भारद्वाज, मधुरिमा शर्मा, पूनम पांडेय, सीमा शुक्ला, मणि गुप्ता सहित अनेक सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कान्त द्विवेदी ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी अतिथियों, आयोजकों एवं सहभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# आर्य महासम्मेलन में राष्ट्र और समाज निर्माण का होगा शंखनाद

- महर्षि दयानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने आएंगे बाबा रामदेव
- वैदिक संस्कृति और समाज सुधार पर होगा मंथन



एनएनआई

**आगरा।** आर्य समाज की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा समाज में वैदिक संस्कार, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में समाज में कुरीतियों का विरोध और सुधार की भावना जागृत करने के साथ-साथ युवाओं को चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा की ओर प्रेरित किया जायेगा। शनिवार को जयपुर हाउस स्थित आर्य समाज मंदिर पर आयोजित बैठक में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन आर्य केंद्रीय सभा के पदाधिकारियों ने किया।

प्रधान सीए मनोज खुराना ने बताया कि वेदों में निहित सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा दिखाने में सक्षम हैं। नशामुक्ति, शिक्षा का प्रसार, नारी सम्मान और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अखिल भारतीय आयोजनों की श्रृंखला में कमला नगर स्थित जनक पार्क में तीन दिवसीय आर्य महासम्मेलन 30, 31 जनवरी और 1 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस से पहले 29 जनवरी को प्रातः नौ बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

मंत्री वीरेंद्र कनवर ने बताया कि आमंत्रित विद्वानों में प्रमुख रूप से हरिद्वार से योग गुरु स्वामी रामदेव, दिल्ली से स्वामी आर्यवेश, लखनऊ से आचार्य स्वदेश, एटा से आचार्य वागीश, बिजनौर से भजनोपदेशक कुलदीप आर्य, एमडीएच ग्रुप से राजीव गुलाटी, उत्तर प्रदेश आर्यवीर दल प्रान्त प्रमुख जितेंद्र भाटिया और हाथरस से यज्ञ ब्रह्मा आचार्य पवित्रा शामिल हो रही है। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि सम्मेलन में शंका समाधान के लिए करीब एक दर्जन प्रख्यात वैदिक आचार्य शामिल होंगे। वैदिक प्रवचन, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम से वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बन जायेगा। बैठक का संचालन आर्य अश्वनी ने किया। इस अवसर पर प्रेमा कनवर, सुमन कुलश्रेष्ठ, नमिता शर्मा, रितिका अरोरा, विकास आर्य, आर्य अश्वनी, अनुज आर्य, अरविंद मेहता, भारत भूषण सामा, प्रदीप डेम्बल, सुशील असीजा, अवनींद्र गुप्ता, वीरेंद्र खंडेलवाल, अश्वनी डेम्बल, रंगलाल गौतम, सुधीर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आर्यवीर दल के बच्चों द्वारा अभ्यास का प्रदर्शन किया जायेगा। सम्मेलन में सुबह योग व यज्ञ और दोपहर में पेशेवरों के साथ वेदों पर विस्तृत चर्चा का आयोजन होगा। महर्षि दयानन्द के जीवन पर साहित्य, प्रदर्शनी और फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा।

# बढ़ते कैंसर रोग से बचने के लिए लोगों को किया जागरूक




एनएनआई

**आगरा।** कैंसर आजकल एक बढ़ती हुई स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। अफसोस की कई लोगों में कैंसर का पता तब चलता है, जब बीमारी काफी हद तक बढ़ चुकी होती है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि शुरूआत के लक्षणों जैसे लगातार दर्द रहना, बिना वजह वजन कम होना, लंबे समय तक थकान महसूस होना या शरीर में कोई गांठ होना आदि को लोग आम बीमारी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी (ग्लोबोकैन) की माने तो, भारत में कैंसर के मामले बढ़कर वर्ष 2040 तक करीब 2.08 मिलियन हो सकते हैं, जो वर्ष 2020 के मुकाबले लगभग 57.5 प्रतिशत ज्यादा हैं। कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए समय पर जांच (स्क्रीनिंग) और जल्दी पहचान बहुत जरूरी है, ताकि सही समय पर इलाज हो सके और मरीज की जान बचने की संभावना बढ़ सके। आगरा में कैंसर को लेकर जागरूकता की जरूरत पर जोर देते हुए, मणिपाल कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर और ऑन्को रोबोटिक सर्जरी (नॉर्थ-वेस्ट क्लस्टर) के चेयरमैन डॉ. सुरेंद्र कुमार डबास ने बताया कि, आगरा जैसे शहरों में आज भी बड़ी संख्या में कैंसर मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं, जब बीमारी काफी एडवांस स्टेज में पहुंच चुकी होती है। इस स्थिति में इलाज अधिक जटिल हो जाता है और मरीज के पूरी तरह ठीक होने की संभावना भी कम हो जाती है।

पर्यावरणीय कारण, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधि की कमी कैंसर के बढ़ते मामलों के प्रमुख कारण हैं। लेकिन यदि लोगों को समय रहते जागरूक किया जाए और नियमित जांच कराई जाए, तो कैंसर को शुरूआती अवस्था में ही पकड़ा जा सकता है, जिससे इलाज आसान और अधिक प्रभावी हो जाता है। आज इलाज में काफी तरक्की हो चुकी है।

# राज्य कर विभाग ने व्यापारियों को दी जीएसटी सुधारों की जानकारी

एनएनआई

**आगरा।** राज्य कर विभाग की ओर से जयपुर हाउस स्थित कार्यालय पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता अपर आयुक्त पंकज गांधी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार उपस्थित रहे। आयोजन "राज्य कर विभाग की प्राथमिकता राजस्व संग्रह के साथ-साथ प्रदेश के व्यापारियों को जी.एस.टी की विधिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक करने एवं इसके क्रियान्वन में आ रही समस्याओं का समाधान हेतु, व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी 2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया।



ण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सरकार के कल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गो के कल्याण के प्रति संकल्पित है तथा जीएसटी सुधारों से अन्तिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहती है। करों का सरलीकरण न केवल आम आदमी को राहत पहुँचायेगा, अपितु करों के आधार में भी वृद्धि करेगा, जिससे राज्य व केन्द्र सरकारों को अधिकाधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।

राज्य कर विभाग के जोनल अपर आयुक्त पंकज गांधी ने उपस्थित व्यापारियों एवं अतिथियों का स्वागत किया तथा जी.एस.टी. सुधारों के क्रम में महत्वपूर्ण जानकारियों देते हुए बताया कि मुख्यतः 5, 12, 18 व 28 प्रतिशत की कर दरों के चार स्लैब की व्यवस्था को 5 व 12 प्रतिशत की दो करों की व्यवस्था में परिवर्तित किया गया है तथा आम जीवन से अनेक वस्तुओं को करमुक्त किया गया है। जिसका उद्देश्य है कि आम आदमी को राहत मिले तथा श्रम प्रधान उद्यमों को प्रतिस्पर्धी बनाया जाय। करों की कमी से घरेलू बचत प्रोत्साहित हो तथा आम आदमी अपने उपभोग पर अधिक खर्च कर सकें। सरकार की यह पहल जन-कल्याणकारी नीतियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संयुक्त आयुक्त प्रमोद कुमार दुबे एवं सहायक आयुक्त आलोक कुमार यादव द्वारा जी.एस.टी. प्रावधानों पर पावर पाइन्ट प्रस्तुति की गयी तथा किये गये बदलावों से व्यापारियों को अवगत कराया गया। राज्य कर मुख्यालय लखनऊ से पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित संयुक्त आयुक्त श्रीमती आरती द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें सरकार तक पहुँचाने का आश्वासन दिया गया। अपर आयुक्त अंजनी कुमार अग्रवाल, संयुक्त आयुक्त प्रमोद कुमार दुबे व बीडी शुक्ला द्वारा प्रवर्तन एवं अन्य से संबंधित उठाई गयी समस्याओं पर विभाग की तरफ से पक्ष रखा गया।

संवाद कार्यक्रम में मंडलायुक्त को फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती, मंडलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, जिलाध्यक्ष राजेश खुराना,जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित, जि युवाध्यक्ष जीतेश कुमार, राजेश अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। अपने संबोधन में जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने कहा कि फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल एक व्यापारियों का अग्रणी राष्ट्रीय संगठन है।

# एसएन में हुई महिला की सफल प्लास्टिक सर्जरी

एनएनआई



**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शल्य क्षमता, अनुभव और टीमवर्क का परिचय देते हुए जलने की वजह से हुए गंभीर पोस्ट-बर्न कॉन्ट्रैक्टर से पीड़ित 45 वर्षीय महिला का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया।

मरीज लंबे समय से इस गंभीर समस्या से जूझ रही थी। जलने के बाद गर्दन और चेहरे की त्वचा अत्यधिक सिकुड़ जाने के कारण वह खाना-पीना नहीं कर पा रही थी, मुंह से लगातार अनियंत्रित लार गिरती रहती थी, गर्दन सीधी नहीं कर पाती थी, जिससे दैनिक जीवन के सामान्य कार्य भी बाधित हो चुके थे। इस शारीरिक विकृति के कारण मरीज का सामाजिक आत्मविश्वास भी बुरी तरह प्रभावित हो गया था। यह अत्यंत जटिल एवं तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन एसएन मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जन डॉ. पुनीत भारद्वाज के नेतृत्व वाली टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। सर्जरी टीम में डॉ. ऋषभ, डॉ. वीनेश एवं डॉ. सुलभ रहे। इस जटिल केस में एयरवे मैनेजमेंट एवं पेन-रहित सर्जरी सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे एनेस्थीसिया टीम ने कुशलता से संभाला। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. राजीव पुरी, डॉ. कौस्तुभ सिंह, डॉ. नीतू पाल, डॉ. सृष्टि, डॉ. सर्वेश, डॉ. रजत, डॉ. कीर्ति का सर्जरी को सुरक्षित, सुचारु एवं दर्द-रहित बनाने में अमूल्य योगदान रहा।

कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. प्रशांत गुप्ता जी एवं सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश गुप्ता जी ने पूरी प्लास्टिक सर्जरी एवं एनेस्थीसिया टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई एवं उत्साह वर्धन किया।

प्राचार्य एवं डीन डॉ प्रशांत गुप्ता ने कहा कि:- प्लास्टिक सर्जरी टीम ने कहा कि इस प्रकार की सर्जरी संस्थान की क्षमता और समर्पण को दर्शाती है। मेडिकल कॉलेज में इस तरह की जटिल सर्जरी से आगरा एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है ।

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर हुई निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता




**आगरा** एनएनआई। मेरा युवा भारत आगरा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओ का आयोजन आदर्श सैनिक इंटर कॉलेज मियापुर में किया गया। मुख्य प्रबंधक कोमल सिंह राजपूत एवं वरिष्ठ अतिथि प्रधानाचार्य राम मोहन शर्मा के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संचालक मनीष राजपूत रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रूबी, द्वितीय काजल , तृतीय अर्चना, चित्रकला में प्रथम मोनिका, द्वितीय दीप्ति, तृतीय रेखा तथा भाषण में प्रथम भावना, द्वितीय आस्था, तृतीय मोहित ने स्थान प्राप्त किया ।

# मंत्री ने 500 से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों को बांटे कंबल

एनएनआई

**आगरा।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित पार्क में जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किये। 500 से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कंबल भेंट किये । इस मौके पर उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जा रही है। प्राकृतिक आपदा से लेकर सर्दी के मौसम में लोगों को ठंड से बचाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कंबल वितरित किए गए हैं। 500 से ज्यादा महिलाओं ने सर्दी के मौसम में कंबल पाकर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाने के लिए सभी पार्षदों और पार्टी पदाधिकारीयों को जरूरतमंदों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए थे इसी के आधार पर आज कोई भी व्यक्ति सरकार की योजना के लाभ से वंचित न रह जाए कंबल वितरण किया गया है।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा आलोकिक उपाध्याय, प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार विमल कुमार, मंडल अध्यक्ष राजू कुशवाहा, ओम प्रताप सिंह, संजय जैन, सुनील करमचंदानी,राजवीर धाकड़, दिलीप वर्मा, संदीप वर्मा, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश धाकड़, प्रेम सिंह धाकड़, रानी माहौर, विकास महाजन, गौरव सारस्वत, उमेश। पेरवानी, तनवीर करह, सहित पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक बनने की राह में अलग-अलग 'एफडीआर का रोड़ा' हुआ दूर

एनएनआई

**आगरा।** भारत सरकार के निर्देशों के तहत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, दिल्ली द्वारा विद्यार्थियों का भविष्य बनाने वाले शिक्षक तैयार करने के लिए शुरू किए गए 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आई टेप) की मान्यता लेने वाले महाविद्यालयों को राहत मिली है। अब किसी महाविद्यालय को इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत बीए-बीएड, बीएससी-बीएड या बीकॉम-बीएड शुरू करने के लिए 12-12 लाख रुपये की अलग-अलग एफडीआर जमा नहीं करनी पड़ेंगी।

उल्लेखनीय है कि टीचर्स एजुकेशन के क्षेत्र में विशेषज्ञ व आगरा के युवा उद्यमी-प्रकाशक और राखी प्रकाशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पियूष भार्गव ने आरटीआई के तहत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से सवाल किया कि इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के तहत तीन पाठ्यक्रम आरंभ करने पर कितने रुपए की एफडीआर जमा करनी होगी? इसके जवाब में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा भेजी गई नियमावली से असंतुष्ट पियूष भार्गव ने जब आरटीआई अपील की तो उन्होंने अपील का जवाब देने के लिए 20 जनवरी की तारीख तय कर दी, लेकिन उससे पूर्व ही उनकी आंखें खुल गईं।



- टीचर्स एजुकेशन क्षेत्र में विशेषज्ञ व आगरा के युवा प्रकाशक पियूष भार्गव ने इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के संबंध में की आरटीआई अपील तो खुलीं आँखें
- राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने सुधारी भूल, वापस करेंगे जमा हुई अतिरिक्त एफडीआर की राशि, महाविद्यालयों को मिली राहत

17 जनवरी, शनिवार को भूल सुधारते हुए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की उत्तर क्षेत्रीय कमेटी ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए मिनट्स में स्पष्ट कर दिया कि इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम एक ही प्रोग्राम है। इसके तहत सभी पाठ्यक्रमों के लिए 12 लाख की एक ही एफडीआर ली जाएगी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की भूल के चलते विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा जमा करवाई गई अलग-अलग एफडीआर की अतिरिक्त जमा राशि भी परिषद द्वारा महाविद्यालयों को वापस की जाएगी।

पियूष भार्गव ने आरटीआई अपील और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड हुए निर्णय के प्रिंट आउट को दिखाते हुए बताया कि देशभर के महाविद्यालयों को अब करोड़ों रुपए की राशि वापस मिलेगी। साथ ही, इस पाठ्यक्रम की मान्यता के लिए आवेदन करने वाले महाविद्यालय को अब केवल 12 लाख रुपए ही जमा करवाने पड़ेंगे।

शनिवार को दिनभर पियूष भार्गव को व्हाट्सएप पर महाविद्यालय संचालकों द्वारा धन्यवाद और बधाई के संदेश मिलते रहे। सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसवी आर्य (हिसार) ने पियूष भार्गव की इस पहल को सराहते हुए उन्हें फोन पर बधाई दी।



## 95 मरीजों का होगा फ्री मोतियाबिंद का आपरेशन

एनएनआई

**मथुरा।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान गोवर्धन रोड जचौदा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकाता के द्वारा संचालित संस्था अनुभवी योग्य नेत्र चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक मशीनों द्वारा विश्वस्तरीय इलाज के तत्वाधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन बी आर स्कूल फतेहपुर सीकरी आगरा में किया गया जिसमें 281 मरीजो ने पंजिकरण करा कर वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा नेत्रो का सफल परिक्षण कराया। परिक्षण के दौरान द्वारा मिले 95 मोतियाबिन्द के मरीजो को निशुल्क ऑपरेशन के लिए कल्याणं करोति नेत्र संस्थान गोवर्धन रोड जचौदा भेज दिया गया जिनका ऑपरेशन अनुभवी योग्य नेत्र चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक मशीनों द्वारा विश्वस्तरीय रूप से ऑपरेशन किया जाएगा। टीम में डॉ. अनुभव उपाध्याय, सुनील कुमार (कोऑर्डिनेटर) देव सारस्वत गजेंद्र सिंह रामेश्वर दयाल इसके अलावा, अजय कुमार, श्रेय गोयल जितिन सांवरिया नितिन गर्ग, सहित कई अन्य लोग भी शिविर में मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने सूने घर में की लाखों की चोरी

**पिनाहट एनएनआई।** बीती रात को थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव क्योरी में सूने मकान की दीवार फलांग कर घर के अंदर घुसे अज्ञात संदूक से लाखों रुपए के सोने - चांदी,पीतल के आभूषण,नगदी व घरेलु सामान आदि चोरी कर ले गये। सूचना पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।



थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव क्योरी निवासी 70 वर्षीय विमला देवी पत्नी सत्यनारायण शर्मा पुरोहित अपनी मां रामबेटी के निधन पर अपने मायके राम सिंह की घड़ी अम्बाह गई हुई थी। रविवार शाम करीब 4 बजे लौटकर घर पहुंची तो घर के अंदर मकान के ताले टूटे हुए मिले। कमरों के अंदर संदूक खुले पड़े थे।घर के अंदर सामान बिखरा हुआ पड़ा था।घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा देख बुजुर्ग महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई।उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जानकारी में जुटी हुई है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि अज्ञात चोर पीछे के रास्ते चारपाई रखकर घर के अंदर घुसे हैं। और घर के अंदर संदूक के ताले तोडकर तीन लाख रुपए के सोने - चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन और 60 हजार की नगदी सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए हैं। उनके दोनों पुत्र गिर्राज और पप्पू दिल्ली में बदरपुर बॉर्डर के पास रहते हैं।

# सीएचसी खेरागढ़ का किया औचक निरीक्षण

एनएनआई

### स्वास्थ्य सेवाओं को देखा, मरीजों से की बात



**खेरागढ़।** सीएचसी खेरागढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरागढ़ का वाचन निरीक्षण किया गया। एस आर एम की दो सदस्य स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बिंदुवार आकलन कर जमीनी हकीकत परखी।

निरीक्षण टीम में डॉक्टर मोहम्मद शोएब अंसारी एवं डॉ जितेंद्र शामिल थे। टीम ने पूर्व निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार लेबर रूम, एमरजेंसी यूनिट, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, स-र कक्षा और वॉशरूम का गहन निरीक्षण किया। प्रत्येक विभाग में उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ की उपस्थिति, एवं आवश्यक उपकरणों की कार्यशीलता तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान उपचार की गुणवत्ता दवाओं की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया गया। टीम ने सीएससी में स्वच्छता व्यवस्था, अनुशासन और कर प्रणाली को संतोषजनक बताते हुए सराहना की। इसके अतिरिक्त एस आर एम टीम ने क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर डूंगरवाला, पहाड़ी कला और इलाका भी निरीक्षण किया यहां स्वास्थ्य सेवाओं, स्टाफ की उपस्थिति, दवा वितरण अभिलेखों के संधारण और जन सेवाओं की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। औचक निरीक्षण के दौरान सीएससी अधीक्षक डॉक्टर आरके सिंह सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। सीएससी प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर आरके सिंह ने बताया कि इस प्रकार के निरीक्षणों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंत सुधार होता है। इससे आमजन को समय पर सुरक्षित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा सकती है।

## प्रीती गुप्ता ने जीती पतंग प्रतियोगिता, बाह में महिला मंडल ने मनाई मकर संक्रांति

**बाह एनएनआई।** माथुर वैश्य महिला मंडल ने मकर संक्रांति का पर्व दान के साथ ही पतंग प्रतियोगिता का आयोजन कर मनाया। पतंग प्रतियोगिता में प्रीती गुप्ता ने बाजी मारी। गोपाल जी मंदिर बाह में माथुर वैश्य महिला मंडल ने शनिवार को मकर संक्रांति मनाई। अध्यक्ष कामना गुप्ता ने बताया कि मंदिर में दीप प्रज्वलन के बाद राधा कृष्ण के भजन हुए। वस्त्र, सब्जी, छाता, खिचड़ी, तिल के लड्डू आदि का एक दूसरे को दान कर प्रेमभाव का प्रदर्शन किया। मकर संक्रांति पर पतंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रीती गुप्ता



प्रथम, दीपिका द्वितीय एवं खुशबू गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुरस्कार करने के साथ ही रजनी और कविता को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही वसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस को मनाए जाने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान प्रीती गुप्ता, राधा गुप्ता, मधुरिमा, नीरू गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## गोवंश से टकराई बाइक, युवक घायल

**पिनाहट एनएनआई।** ब्लॉक के अंतर्गत बिप्रावली तिकोनिया के पास एक युवक की बाइक आवारा गोवंश से टकरा गई। गंधर्व सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी जरगा राजाखेड़ा अपनी ससुराल नगला दलेल में आयोजित अखंड रामायण के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वापस अपने घर राजा खेड़ा जा रहा था ।शनिवार शाम बिप्रावली तिकोनिया के पास आवारा गोवंश के आ जाने से बाइक अचानक गोवंश से टकरा गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

## साहित्य साधना के स्वरों पर जमकर बजीं तालियां

एनएनआई

**एत्मादपुर।** कड़कड़ाती ठंड में सरकारी कार्यालय में सजी विदाई समारोह की महफिल में महकमाई संस्कृति के इतर साहित्य साधना के स्वरों की रसधार बहने पर हर सुधी श्रोता तालियां बजाने से खुद को नहीं रोक सका। ब्लाक खंदौली में कार्यरत तकनीकी सहायक ईश्वर दयाल की सेवानिवृत्ति पर ब्लाक प्रमुख आशीष शर्मा, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल ने उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) सुरेश बाबू गौतम ने तो अपनी मधुर कविताओं से समां



बांधते हुए विछोह की पीड़ा के माहौल को साहित्यिक रसधार की फुहार से उन्होंने खुशनुमा बना दिया। ईश्वर दयाल हो जाएं हम पर, तो हर मुश्किल आसान होती है। समारोह में एडीओ पंचायत पंकज यादव, रिषी कुमार, अवर अभियंता (लघु सिंचाई) जयपाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, संजय कुमार, कुमारी लाइका, अमित रावत, यशवेंद्र कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) अजय कुमार बघेल, तकनीकी सहायक सुनील यादव, दिगनेश शर्मा, ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष नीरज चौहान, रेशम लाल माहौर व अन्य मौजूद थे।

## क्रिकेट महासंग्रामः इरादतनगर न्याय पंचायत फाइनल में

एनएनआई

**खेरागढ़।** खेरागढ़ विधानसभा क्रिकेट महासंग्राम के सोलहवें दिन मंडी समिति ग्राउंड पर सेमीफाइनल मुकाबलों का भव्य आगाज हुआ। दर्शकों की भारी भीड़ और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने पूरे मैदान को क्रिकेट के रंग में रंग दिया।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला इरादतनगर न्याय पंचायत और खेरागढ़ नगर पंचायत के बीच खेला गया। टॉस जीतकर खेरागढ़ नगर पंचायत ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। 15-15 ओवरों के इस मुकाबले में इरादतनगर की सधी हुई गेंदबाजी के सामने खेरागढ़ की टीम 145 रन पर सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इरादतनगर न्याय पंचायत की टीम ने संतुलित और आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया। शानदार प्रदर्शन के लिए इरादतनगर के भंडारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के समापन पर




आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन खेरागढ़ सुधीर गर्ग गुड्डू ने विजेता टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं कोच उवेद कमाल, उनकी धर्मपत्नी कॉर्क बॉल प्लेयर फरीदा कमाल, राजपुरोहित लक्ष्मी नारायण शास्त्री (सोनिगा वाले), राजू लवानिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# पीकेः फिर से साख हासिल करने की चुनौती



प्रशांत किशोर का पहला चुनाव हार जाना उनके राजनीतिक करियर का पूर्णविराम नहीं है ।उनके लिए असली चुनौती यह है कि राजनीतिक प्रबंधक के तौर पर जो पूंजी उन्होंने बिहार में गंवाई है उसे कैसे हासिल करेंगे? क्योकि एक कुशल चुनाव प्रबंधक के रूप में एक दशक में बनाई गई अपनी पूंजी उन्होंने बिहार में गंवा दी है ।ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जब पार्टियां पहले चुनाव में बहुत खराब करने के बाद धीरे धीरे मजबूत होती गईं और बहुत बड़ी बन गईं। बिहार में नीतीश कुमार की बनाई समता पार्टी, जिसे अब जनता दल यू के नाम से जाना जाता है या उत्तर प्रदेश में कांशीराम की बनाई बहुजन समाज पार्टी इसकी मिसाल हैं। दोनों पार्टियों की शुरूआत बहुत खराब हुई थी ।दोनों मैदान में डटे रहे और राजनीतिक व चुनावी दोनों सफलता हासिल की ।सो, प्रशांत किशोर के लिए राजनीति का रास्ता साफ है। उनके सामने नीतीश कुमार और कांशीराम दोनों का मॉडल है ।नीतीश कुमार की समता पार्टी ने 1995 की हार के बाद भाजपा के साथ तालमेल किया और लालू प्रसाद को सत्ता से हटाने के लिए राजनीति की, जिसमें निर्णायक कामयाबी 2005 के अक्टूबर में मिली। यानी पार्टी बनाने के 10 साल बाद। इसी तरह कांशीराम ने बहुजन की सत्ता स्थापित करने के लिए 1984 में बसपा बना कर राजनीति शुरू की तो 11 साल बाद 1995 के जून में मायावती को मुख्यमंत्री बनाने में कामयाब हुए। इसके लिए उनको समाजवादी पार्टी से तालमेल करना पड़ा ।जाहिर है कि राजनीति में निरंतरता और समान या असमान विचार वाले दलों के साथ गठबंधन सबसे महत्वपूर्ण है ।प्रशांत किशोर के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलने की खबर को उनकी राजनीति के अगले कदम के तौर पर देखा जा सकता है। ध्यान रहे प्रशांत किशोर ने एक समय कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर देश की सबसे पुरानी पार्टी को उसका गौरव लौटाने की योजना पर काम करना चाहा था। उन्होंने लंबा चौड़ा प्रजेंटेशन कांग्रेस नेतृत्व के सामने रखा था। आधे अधूरे तरीके से कुछ प्रस्तावों को कांग्रेस ने आजमाया भी। लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के असुरक्षा भाव और प्रशांत किशोर की अति महत्वाकांक्षा के कारण दोनों की बात नहीं बनी। अब फिर दोनों नजदीक आ रहे हैं ।ध्यान रहे बिहार में हमेशा एक तीसरी ताकत की गुंजाइश है ।नीतीश कुमार के उदय से पहले बिहार में कांग्रेस के मुकाबले समाजवादी पार्टियों के साथ साथ भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां मजबूती से चुनाव लड़ती थीं। धीरे धीरे बिहार की राजनीति दो ध्रुवीय हो गई। प्रशांत किशोर और कांग्रेस अगर तीसरी ताकत बनने की राजनीति करते हैं तो बिहार का राजनीतिक परिदृश्य दिलचस्प होगा। अगले कुछ महीनों या बरसों में बिहार की राजनीति में गुणात्मक परिवर्तन होगा। नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के राजनीतिक परिदृश्य से विदा होने के बाद बिहार की राजनीति वैसी ही नहीं रह जाएगी, जैसी पिछले 35 साल से है। उस समय कांग्रेस और प्रशांत किशोर दोनों के लिए बड़ा अवसर बनेगा ।लेकिन उससे पहले प्रशांत किशोर को चुनाव प्रबंधक और राजनीतिक गुरू के तौर पर अपनी खोई हुई साख को वापस हासिल करना होगा। इस साल होने वाला पांच राज्यों का चुनाव उनके लिए सही अवसर है। उन्होंने तमिलनाडु में फिल्म स्टार विजय की पार्टी टीवीके से करार किया है और उनको चुनाव लड़वा रहे हैं। उनके लिए यह मौका तमिलनाडु में बन सकता है। अगर तमिलनाडु में त्रिशंकु विधानसभा बनती है और विजय की ऐसी हैसियत होती है कि उनके बगैर सरकार न बने तो वह भी पीके के लिए बूस्टर डोज साबित हो सकता है ।टीवीके और कांग्रेस के बीच गठबंधन की चर्चा होना भी प्रशांत किशोर की राजनीति का असर हो सकता है। तमिलनाडु में प्रशांत किशोर अपने को किस तरह से लगाते हैं, क्या मैसेज बनवाते हैं और चुनाव के बाद किस हैसियत में उभरते हैं इससे बिहार की राजनीति में उनकी और उनकी पार्टी की किस्मत बहुत कुछ निर्भर करेगी। कांग्रेस भी अगर उनको आगे मौका देती है तो उसका भी फैसला तमिलनाडु के चुनाव नतीजों से होगा। जो हो उनके लिए अभी रास्ते बंद नहीं हुए हैं।



# सर्वार्थ सिद्धि योग में मौनी अमावस्या

## स्नान-दान के नियम, मुहूर्त, मंत्र से लेकर दान



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

मौनी अमावस्या माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को आती है। इस दिन किए गए धार्मिक कर्म आत्मिक शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति में सहायक होते हैं। मौनी अमावस्या आज यानी 18 जनवरी, रविवार को मनाई जा रही है। खास बात यह है कि इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जिसे शास्त्रों में अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है। इस योग में किया गया स्नान, दान और जप कई गुना पुण्य प्रदान करता है। मान्यता है कि गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। स्नान के बाद दान करना इस तिथि की विशेष परंपरा मानी जाती है।

**मौनी अमावस्या का शब्दिक अर्थ**

मौनी शब्द संस्कृत के मुनि से निकला है, जिसका अर्थ है वह जो मनन करता है और शांत रहकर सत्य की खोज करता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन व्यक्ति को इंद्रियों पर संयम रखते हुए मौन व्रत का पालन करना चाहिए।

अमावस्या तिथि पर चंद्रमा दिखाई नहीं देता और ज्योतिष में चंद्रमा को मन का कारक माना गया है। ऐसे में मौन रहना मन को स्थिर करने, विचारों को नियंत्रित करने और आंतरिक ऊर्जा को केंद्रित करने का प्रभावी माध्यम बनता है।

**मौनी अमावस्या 2026 शुभ मुहूर्त**

अमावस्या तिथि प्रारंभः 18 जनवरी, रविवार, रात 12:03 बजे
अमावस्या तिथि समाप्तः 19 जनवरी, सोमवार, 01:21 बजे
सर्वार्थ सिद्धि योगः 18 जनवरी सुबह 10:14 बजे से 19 जनवरी सुबह 07:14 बजे तक



ब्रह्म मुहूर्तः 05:27 से 06:21 बजे
अभिजीत मुहूर्तः 12:10 से 12:53 बजे
स्नान-दान का श्रेष्ठ समयः 05:27 से 12:32 बजे तक

**मौनी अमावस्या पर स्नान-दान की विधि**

ब्रह्म मुहूर्त में उठकर दैनिक कार्यों से निवृत्त हों।

गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करें। यदि यह संभव न हो, तो स्नान के जल में गंगाजल और काले तिल मिलाएं।

स्नान से पहले और स्नान पूर्ण होने तक मौन रखें।

स्नान के बाद भगवान विष्णु का पूजन करें और मंत्र या नाम जप करें।

अपनी सामर्थ्य अनुसार काले तिल, अन्न, वस्त्र या कंबल का दान करें।

कुश के माध्यम से पितरों को जल अर्पित कर तर्पण करें और उनके निमित्त दान अवश्य करें।

**मौनी अमावस्या पर करें इन चीजों का दान**

अन्न दानः महादान माना जाता है, इससे पितरों का आशीर्वाद मिलता है।

जल दानः मन की शांति और ईश्वरीय कृपा देता है।

वस्त्र दानः जरूरतमंदों को गर्म कपड़े देने से पुण्य फल मिलता है।

तांबा दानः ग्रह दोष शांति और करियर में उन्नति के लिए शुभ।

पुस्तक दानः ज्ञान और बुद्धि में वृद्धि करता है।

घी दानः घर-परिवार में सुख और मधुरता बढ़ाता है।

धन दानः लक्ष्मी कृपा और मानसिक संतोष देता है।

गौ दानः अत्यंत पुण्यदायी, जीवन में शुभता लाता है।

सेवा दानः सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतोष देता है।

दीपदानः जीवन के अंधकार को दूर कर शुभ फल प्रदान करता है।

**मौनी अमावस्या पर करें इन मंत्रों का जाप**

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

ॐ नमः शिवाय

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात॥

ॐ पितृभ्यः नमः।

ॐ सर्व पितृ देवाय नमः।

ॐ सूर्याय नमः या ॐ घृणि सूर्याय नमः

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

**मौनी अमावस्या का पौराणिक महत्व**

पुराणों के अनुसार, माघ मास में किया गया स्नान और दान भगवान विष्णु को विशेष प्रिय है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है और मृत्यु के बाद स्वर्गलोक का वास मिलता है।

**पौराणिक कथाएं और मान्यताएं**

**1. समुद्र मंथन और अमृत की कथा**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के समय अमृत की कुछ बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरी थीं। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन इन तीर्थों की नदियों का जल अमृत तुल्य हो जाता है।

**2. मनु और शतरूपा की उत्पत्ति**

एक अन्य मान्यता के अनुसार, इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि के प्रथम पुरुष मनु और प्रथम स्त्री शतरूपा को उत्पन्न किया था। इसी कारण इस दिन को मानवादि तिथि भी कहा जाता है।

**मौन रहने के क्या होते हैं आध्यात्मिक और मानसिक लाभ**

मौनी अमावस्या पर मौन धारण करने से व्यक्ति बाहरी संसार से हटकर अपने भीतर झांकता है। शास्त्रों के अनुसार, मौन से मन के विकार, क्रोध, अहंकार और अशांति का शमन होता है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में मौन मानसिक तनाव को कम करता है, एकाग्रता बढ़ाता है और निर्णय क्षमता को मजबूत करता है। धार्मिक मान्यता है कि मौन से वाणी दोष शांत होते हैं और कुंडली के ग्रह दोषों में भी कमी आती है।

# तृप्ति डिमरी अगले साल देंगी दस्तक

पैन स्टार प्रभास की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। उनकी फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। हाल ही में उनकी आने वाली फिल्म स्पिरिट से उनका पोस्टर रिलीज किया गया था। पोस्टर में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आ रही थीं। पोस्टर देखने के बाद फैंस को इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बहुत बढ़ गई थी। वो फिल्म की रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब ये इंतजार भी खत्म हो गया है और स्पिरिट की रिलीज डेट सामने आ गई है। स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को टी-सीरीज ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके रिलीज डेट की जानकारी दी ह। स्पिरिट को देखने के लिए फैंस को अभी एक साल का इंतजार करना पड़ेगा। टी-सीरीज ने स्पिरिट का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर किया है। जिस पर रिलीज डेट लिखी हुई है। पोस्टर पर लिखा है- स्पिरिट 5 मार्च 2027 को दुनियाभर में रिलीज होगी। ये पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- रिमेंबर। स्पिरिट की रिलीज डेट आते ही फैंस से इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर प्रिडिक्शन करना शुरू कर दिया है। स्पिरिट के पोस्टर पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा- 1800 करोड़। दूसरे ने लिखा-संदीप रेड्डी वांगा, नाम ही काफी है। एक ने लिखा- इतना लेट क्यों। वहीं दूसरे ने लिखा- ब्लॉकबस्टर लोडिंग। फिल्म का फर्स्ट लुक 1 जनवरी, 2026 को न्यू ईयर के मौके पर रिलीज किया गया, जो तुरंत वायरल हो गया था।पोस्टर में प्रभास एक दमदार अवतार में दिखे, लंबे बाल, चोट के निशान और इंटेंस लुक के साथ। जबकि तृप्ति डिमरी उनकी सिगरेट जला रही थीं। इस रॉ विजुअल टोन ने साल की शुरुआत में ही दर्शकों की उम्मीदें बढ़ा दीं है। अब फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है।



# 'मदार्नी 3' में फिर दिखेंगी रानी मुखर्जी

## दमदार अवतार से बढ़ी दर्शकों की उत्सुकता

बॉलीवुड की सशक्त अभिनेत्रियों में शुमार रानी मुखर्जी एक बार फिर अपने चर्चित किरदार के साथ बड़े पर्दे पर लौटने को तैयार हैं। मदार्नी श्रृंखला की तीसरी फिल्म में रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रानी मुखर्जी ने अपने करियर में कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन मदार्नी का किरदार दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुका है। इस श्रृंखला की पिछली दोनों फिल्मों को दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला था। अब तीसरी कड़ी को लेकर भी उत्साह चरम पर है। हाल ही में जारी किए गए फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। ट्रेलर में रानी मुखर्जी का गंभीर और सशक्त रूप देखने को मिला, जिसने फिल्म को लेकर उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। इस बार कहानी और अधिक गंभीर सामाजिक मुद्दे के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। फिल्म को 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दर्शकों के लिए उपयुक्त श्रेणी में रखा गया है। कहानी में रानी मुखर्जी एक खतरनाक अपराधी से मुकाबला करती दिखेंगी, जो फिल्म को रोमांचक मोड़ देता है। 'मदार्नी 3' के 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। माना जा रहा है कि यह फिल्म रानी मुखर्जी के करियर में एक और मजबूत अध्याय जोड़ेगी।



# सांप्रदायिक टिप्प ी विवाद पर एआर रहमान की सफाई

## किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का इरादा नहीं

मशहूर संगीतकार एआर रहमान अपने एक बयान को लेकर चल रहे विवाद के बीच सामने आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य कभी भी किसी की भावनाओं को आहत करना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में रहमान ने कहा कि संगीत उनके लिए लोगों को जोड़ने, संस्कृति का सम्मान करने और समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम रहा है। एआर रहमान ने कहा कि भारत न केवल उनका घर है, बल्कि उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शक भी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी बातों को गलत तरीके से समझ लिया जाता है, लेकिन उनका मकसद हमेशा संगीत के जरिए लोगों को सम्मान देना और उनकी सेवा करना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि लोग उनकी ईमानदारी को समझेंगे। अपने संदेश में रहमान ने देश में विविध संस्कृतियों और विचारों के सह-अस्तित्व पर भी बात की। उन्होंने कहा कि एक भारतीय होने के नाते वह खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और विभिन्न सांस्कृतिक आवाजों का सम्मान किया जाता है।



# एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य बने विजेंद्र सिंह

खेल प्रशासक बनने की ओर बढ़ाए कदम



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के दिग्गज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### विजेंद्र ने जताई खुशी

विजेंदर ने कहा, एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस जिम्मेदारी को मुझे सौंपने के लिए मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और उसके नेतृत्व का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उम्मीद है कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से इस भूमिका को निभाऊंगा। जिस तरह हमने बीजिंग में इतिहास रचा, उसी तरह मैं एशिया में मुक्केबाजी के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं विशेषकर भारतीय मुक्केबाजों पर ध्यान देने और भविष्य में हमारे खिलाड़ियों को और अधिक सफलता हासिल करने में मदद करने के लिए भी प्रतिबद्ध हूं।

### क्या है एशियाई मुक्केबाजी परिषद?

एशियाई मुक्केबाजी परिषद पूरे क्षेत्र में खेल के प्रतिस्पर्धी और विकास ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विजेंदर भारत की सबसे प्रसिद्ध खेल हस्तियों में से एक हैं। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक तथा राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में कई पदक जीते हैं।

अंडर-19 विश्वकप

# भारत ने बांग्लादेश को दी 18 रन से मात



**बुलवायो।** भारत और बांग्लादेश के बीच शनिवार को खेले गए अंडर-19 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली टीम ने 18 रन से शानदार जीत दर्ज की। बारिश से प्रभावित मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 48.4 ओवर में 238 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम को बारिश के कारण डीएलएस प्रणाली के जरिये 29 ओवर में 165 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। टीम 28.3 ओवर में 146 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान अजिजुल हकीम ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की ओर से विहान मल्होत्रा ने चार विकेट लिए जबकि खिलान पटेल ने दो सफलताएं अपने नाम कीं। इसके अलावा दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और कनिष्क चौहान ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# डब्ल्यूपीएल : बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत

## दिल्ली को 8 विकेट से हराया



**नवी मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग के चौथे सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार चौथी जीत दर्ज की है। शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से पराजित कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान और मजबूत कर लिया। नवी मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में खेले गए इस मैच में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दिल्ली की टीम शुरूआती झटकों से उबर नहीं सकी और निर्धारित ओवरों में 166 रन पर सिमट गई। दिल्ली की ओर से शेफाली वर्मा ने अर्धशतक लगाकर संघर्ष किया, जबकि बेंगलुरु की गेंदबाज लौरेन बेल और सयाली साटघरे ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

### आज होगा भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज का फैसला

इंदौर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला आज इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा, जबकि टॉस एक बजे होगा। श्रृंखला फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है, ऐसे में दोनों टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी। भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला खास है, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस मैच के बाद करीब छह महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नजर नहीं आएंगे। दोनों खिलाड़ी पहले ही टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और अब जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर एकदिवसीय क्रिकेट में वापसी करेंगे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन कल से

- जोकोविच की निगाह 25वें ग्रैंडस्लैम पर, अल्काराज-सिनर से मिलेगी टक्कर

**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे। जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं।

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम एकल खिताब की तलाश में तीसरा सत्र शुरू कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव किया है। उन्होंने अपने एकमात्र निर्धारित अभ्यास टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहते हैं।

यह 38 वर्षीय खिलाड़ी खुद को मुकाबले में बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में अमेरिकी ओपन के रूप में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। तब से सिनर और अल्काराज ने आठ खिताब आपस में बांटे हैं। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले दो बार के चैंपियन हैं जबकि अल्काराज मेलबर्न पार्क में खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

जोकोविच ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अल्काराज को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण उन्हें मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा था। जोकोविच ने कहा, 'सिनर और अल्काराज इस समय बाकी सभी खिलाड़ियों से बिल्कुल अलग स्तर पर खेल रहे हैं।

यह एक सच्चाई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी और के पास कोई मौका नहीं है। मुझे हमेशा अपनी जीत की उम्मीद रहती है।' दस बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच सोमवार को रॉड लेवर एरिना में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

### जोकोविच ने क्या कहा?



जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व संध्या पर कहा, '2025 में मैंने सिनर या अल्काराज के खिलाफ खेले गए चार ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया।' उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं जहां वे अभी हैं। वे इस समय पुरुष टेनिस में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।'

# रविवार, 18 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज नौकरी कारोबार में भाग्य का सपोर्ट मिलेगा, किसी वरिष्ठ और अनुभवी व्यक्ति से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आप आज किसी सामाजिक कार्य में भाग ले सकते हैं।

आज वृषभ राशि के भाग्य भाव मे चंद्रमा का गोचर होगा, जहां आज शुभ योग बनने से वृषभ राशि के जातकों का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। दिन का दूसरा भाग आपके लिए विशेष रूप से अनुकूल रहेगा। आपको किसी सगे संबंधियों से मिलने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहेगा। आपको आज किसी निकट सगे संबंधी से सहयोग मिलेगा। आपको आज कोई पुराना लेनदेन चुकाना पड़ सकता है। किसी मित्र की मदद से आपको फायदा होगा।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन करियर और काम के लिए अनुकूल रहेगा। आपको आज किसी मित्र या सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आपको आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आप आज घर की साज सज्जा और व्यवस्था में जीवनसाथी से सहयोग पाएंगे।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपका सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा। आपको किसी वरिष्ठ व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। कारोबार और काम के सिलसिले में आज यात्रा का संयोग बन सकता है।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन पारिवारिक जीवन के मामले में सुखद रहने वाला है। आप आज परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर किसी पारिवारिक उलझन का निदान कर पाएंगे। आपको आज पिता और पिता पक्ष से लाभ मिलेगा।

तुला राशि के जातक आज अपना काम सुचारू रूप से पूरा कर पाएंगे। आपका काफी समय से अटका हुआ कोई काम पूरा हो पाएगा। आज किसी मित्र या पड़ोसी से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। बिजनेस में आपकी कमाई आज अच्छी होगी।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन सूर्य मंगल की युति से उत्साहवर्धक रहेगा। आप आज तकनीकी ज्ञान और अनुभव से लाभ ले पाएंगे। जो जातक प्रॉपर्टी से संबंधित काम करते हैं आज उनको कमाई का विशेष मौका मिलेगा।

धनु राशि से आज चंद्रमा का गोचर मकर राशि में होगा। ऐसे में दिन का पहला भाग आपके लिए पारिवारिक जीवन के मामले में अनुकूल रहेगा और साथ ही आपको धर्म अध्यात्म के काम मे भी भाग लेने का मौका मिलेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आपकी राशि मे आज चंद्रमा के आने से पांच ग्रहों का दुर्लभ संयोग बनेगा। ऐसे में कल आपको आर्थिक लाभ मिलेगा लेकिन कुछ अप्रत्याशित खर्च का भी सामना करना होगा।

आज रविवार का दिन मीन राशि के जातकों के लिए खर्चीला रहेगा। ऐसे में आज आपको संयमित होकर चलना होगा। सेहत के मामले में भी आज आपको अपना ध्यान रखना होगा। कोई दबी हुई समस्या आज उभर सकती है।

आज रविवार का दिन मीन राशि के लिए अनुकूल रहेगा। आपकी राशि से आज चंद्रमा का गोचर दशम उपरांत ग्यारहवें भाव में होने जा रहा है। ऐसे में आपको आज लाभ के साथ खर्च का भी सामना करना पड़ सकता है। वैसे आज कुछ शुभ कार्य में भी आपको धन खर्च करना होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# श्याम नाम की मेहंदी में रंगी श्रद्धा, सुहाग और भक्ति

- श्री श्याम महोत्सव में महिलाओं ने रचाई श्याम नाम की मेहंदी
- भक्ति गीतों, मंगल भाव और सेवा संकल्प के बीच गूंजा बाबा का जयघोष

एनएनआई



**आगरा।** जहां श्याम नाम का स्मरण होता है, वहां भक्ति स्वतः श्रृंगार बन जाती है। इसी भाव के साथ श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम महिला मित्र मंडल, लोहा मंडी द्वारा आयोजित चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के तृतीय दिवस को पुनिया पाड़ा, लोहा मंडी स्थित पथवारी मंदिर में श्याम नाम की मेहंदी समारोह अत्यंत श्रद्धा, सौंदर्य और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। शनिवार को मंदिर परिसर में हुए इस आयोजन में महिलाओं ने अपने हाथों पर 'श्याम' नाम की मेहंदी रचाकर बाबा के प्रति अपनी आस्था, प्रेम और समर्पण व्यक्त किया। भक्ति गीतों, श्याम नाम के जयकारों और मंगल भाव के बीच पूरा वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। मेहंदी के साथ सुहाग, सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए महिलाओं ने बाबा से कृपा याचना की। कार्यक्रम में मेंहदी की सुगंध संग भक्तिमय भजनों की तरंग भी प्रवाहित हुई, जिसमें बृज के रास ने सभी को आनंदित कर दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष पूजा राधे अग्रवाल ने कहा कि श्याम नाम की मेहंदी केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि नारी मन की आस्था और भक्ति की अभिव्यक्ति है। यह आयोजन महिलाओं को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ सामाजिक समरसता और सेवा भाव का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि महोत्सव की प्रत्येक कड़ी भक्ति के साथ समाजसेवा को भी समर्पित है। इस अवसर पर पार्षद अर्चना लवानिया, पूर्व पार्षद प्रियंका प्रजापति, आरती प्रजापति, महिला मंडल उपाध्यक्ष अनीता जैन, रीता अग्रवाल, आशी, गुंजन, पूजा अग्रवाल, निशा जैन, कामिनी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, आंचल, प्रियंका, प्रीति, ज्योति अग्रवाल, लता गर्ग, सीमा अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, भारती गुप्ता, भारतीय अग्रवाल आदि ने अपने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी लगवाई।

## श्रद्धाभाव के साथ मनाया आदिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव



एनएनआई

**आगरा।** श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ बोदला के अवधपुरी स्थित पदमप्रभु जिनालय में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के निर्वाण कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभु आदिनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया तथा विधि विधान पूर्वक प्रभु आदिनाथ के चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। यह संपूर्ण आयोजन पदमप्रभु महिला मंडल एवं पदमप्रभु जिनालय परिवार के अंतर्गत संपन्न हुआ,जिसमें जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और परंपरागत विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहो पूजन एवं श्रीजी के अभिषेक के दौरान वातावरण जयकारों से गूंज उठा। सायंकालीन आरती के पश्चात 48 दीपकों के माध्यम से श्री भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीप प्रज्वलन से पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर प्रवीन कुमार जैन इंद्रप्रकाश जैन, पंडित विवेक जैन शास्त्री, जयकुमार जैन, रवि जैन अमित जैन, नरेंद्र जैन, संजीव जैन,शुभम-जैन अध्यक्ष कविता जैन करुणा जैन,रीता जैन, पुष्पा जैन, रागिनी जैन,हेमलता जैन, रंजना जैन, समस्त अवधपुरी जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर दृष्टिबाधित छात्रों को मिली यूनिफॉर्म

**आगरा (एनएनआई)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आगरा आवासीय दृष्टिबाधित विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनीता जैन द्वारा विद्यालय के सभी दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म भेंट की गई। नई यूनिफॉर्म पाकर छात्रों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें एक नई पहचान मिली। विद्यालय प्रशासन ने अनीता जैन और दर्शना जैन के इस परोपकारी कार्य की सराहना करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। विद्यालय की ओर से इस नेक पहल को बच्चों के भविष्य के लिए एक सकारात्मक कदम बताया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक जगन्नाथ सिंह, सचिव स्वामी प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य जाकिया बानो, अध्यापक नवीन कुमार, अध्यापिका आशा कपूर, रेखा राजपूत, कर्मचारी बाबू कुशवाहा, रचना देवी, रूबी, और योगेश कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

